राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 03 फरवरी, 2020 की बैठक का कार्यवृत्त

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 03 फरवरी, 2020 को 12.30 बजे प्रशासनिक खण्ड के प्रथम तल पर स्थित समिति कक्ष में निदेशक महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए -

1.	आचार्य प्रमोद कुमार जैन, निदेशक	-	अध्यक्ष
2.	आचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी, अधिष्ठाता (संसाधन एवं पूर्व छात्र)	-	उपाध्यक्ष
3.	आचार्य राजीव प्रकाश, अधिष्ठाता (अनुसंधान एवं विकास)	-	सदस्य
4.	आचार्य एस.बी.द्विवेदी, अधिष्ठाता (शैक्षणिक कार्य)	-	सदस्य
5.	डॉ. शुभेन्दु प्रकाश माथुर, कुलसचिव	-	सदस्य
6.	आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव, भैषजकीय अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विभाग	-	सदस्य
7.	आचार्य संजय कुमार पांडेय, गणितीय विज्ञान विभाग	-	सदस्य
8.	श्री राजन श्रीवास्तव, संयुक्त कुलसचिव (प्रशासन)	-	सदस्य
9.	श्रीमती स्वाति बिस्वास, संयुक्त कुलसचिव (लेखा)	-	सदस्य
10.	श्री गंगेश शाह गोंडवाना, सहायक कुलसचिव (राजभाषा)	-	सदस्य सचिव

अधिष्ठाता (छात्र कार्य), अधिष्ठाता (संकाय कार्य), आचार्य सत्यवीर सिंह एवं श्री जगदीश नारायण राय, संयोजक, केंद्रीय सचिवालय, हिंदी परिषद, वाराणसी बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

बैठक के प्रारम्भ में अध्यक्ष महोदय द्वारा सदस्यों का स्वागत किया गया एवं अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कार्यसूची के मदों पर चर्चा प्रारम्भ की गई।

मद सं. 1: राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 01 अक्टूबर, 2019 की बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि:

दिनांक 01 अक्टूबर, 2019 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के कार्यवृत्त की समिति ने पुष्टि की।

मद सं. 2: राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 01 अक्टूबर, 2019 की बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई:

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 01 अक्टूबर, 2019 की बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई की पुष्टि करते हुए निम्नलिखित निर्णय लिए गए:

क) समिति को अवगत कराया गया कि संस्थान के समस्त विभागों/स्कूलों/अनुभागों/इकाइयों से उनके कार्यालय द्वारा हिन्दी में किए गए कार्यों का विवरण मंगवाया गया था, जिसमें कुल 20 विभागों/स्कूलों/अनुभागों/इकाइयों से ही विवरण प्राप्त हुआ।

इस संबंध में निर्णय लिया गया कि शेष विभागों/स्कूलों/अनुभागों/इकाइयों से दिनांक 15.02.2020 तक विवरण राजभाषा प्रकोष्ठ को भेजने का अनुरोध किया जाए एवं तत्पश्चात प्राप्त प्रविष्टियों में से उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभाग/स्कूल/अनुभाग/इकाई का चयन करने हेतु आगे की कार्रवाई की जाए।

ख) संस्थान से जारी होने वाली इंस्टीट्यूट न्यूज़लेटर “IIT (BHU) Connect” के संपादकीय मंडल में हिन्दी के लिए आचार्य संजय कुमार पांडेय, गणितीय विज्ञान विभाग को शामिल किया जाय।

कृ.पृ.उ.

इस संबंध में उक्त पत्रिका के मुख्य संपादक से अनुरोध किया जाए।

(12)

ग) हिन्दी में तकनीकी विषय पर पुस्तक लेखन हेतु जो प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं उनसे पुस्तक लेखन से संबन्धित आवश्यकताओं को बताने का अनुरोध किया जाए।

घ) संस्थान की तरफ से भारतीय विज्ञान का इतिहास (History of Indian Sciences) पर एक पुस्तक तैयार करने हेतु गठित समिति से इससे संबन्धित अन्य पुस्तकों का तुलनात्मक अध्ययन करने एवं पुस्तक की प्रस्तावना तैयार कर प्रस्तुत करने का अनुरोध किया जाए।

च) संस्थान के समस्त विभागों/स्कूलों से शैक्षणिक प्रपत्र द्विभाषी रूप *(हिन्दी एवं अंग्रेजी)* में तैयार करवाने हेतु उक्त प्रपत्रों को राजभाषा प्रकोष्ठ, कुलसचिव कार्यालय को भेजने का अनुरोध किया जाए।

मद सं. 3: राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार को संस्थान की ऑनलाइन माध्यम से भेजी गयी पिछली चार तिमाहियों की हिन्दी तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा।

समिति को संस्थान की पिछली चार तिमाहियों की हिन्दी तिमाही प्रगति रिपोर्ट में हो रही उत्तरोत्तर प्रगति से अवगत कराया गया।

मद सं. 4: संस्थान में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग की वर्तमान स्थिति पर चर्चा:

संस्थान में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग की वर्तमान स्थिति पर चर्चा हुई जिसके उपरांत निम्नलिखित निर्णय लिए गए –

क) संस्थान के विभागों/स्कूलों से समिति इत्यादि के गठन की सूचना द्विभाषी में जारी करने का अनुरोध किया जाए।

ख) संस्थान के अधिष्ठाता (शैक्षणिक कार्य) कार्यालय से विद्यार्थियों के अनंतिम/अस्थायी प्रमाण पत्र (Provisional Certificate) द्विभाषी में तैयार करने का अनुरोध किया जाए, जिसमें छात्र/छात्राओं के नाम हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों में हों।

ग) संस्थान के समस्त विभागों/स्कूलों से विद्यार्थियों की थीसिस और डिजर्टेशन में विषय का शीर्षक (टाइटल) हिन्दी में लिखते समय अंग्रेजी ~~के कठिन शब्दों~~ शब्दों को देवनागरी लिपि में प्रयोग करने एवं इस प्रकार के शब्दों का संग्रह कर शब्दकोष तैयार करने का अनुरोध किया जाए।

गंगेश	स्वाति	
(गंगेश शाह गोंडवाना)	(स्वाति बिस्वास)	(राजन श्रीवास्तव)
सदस्य सचिव	सदस्य	सदस्य
(संजय कुमार पांडेय)	(सुशांत कुमार श्रीवास्तव)	(शुभेन्दु प्रकाश माथुर)
सदस्य	सदस्य	सदस्य
	राजीव प्रकाश	अ.कु. त्रिपाठी
(एस.बी.द्विवेदी)	(राजीव प्रकाश)	(अनिल कुमार त्रिपाठी)
सदस्य	सदस्य	उपाध्यक्ष

(प्रमोद कुमार जैन)

अध्यक्ष